## खबर संक्षेप

### रामचरित्र मानस अखण्ड पाठ का आयोजन

**दमुआ।** श्री श्री सिद्धनाथ हनुमान मंदिर टेकडी हनुमान दफाई दमुआ मंदिर मे शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर नौ दिनो तक प्रतिदिन श्री रामचरित्र मानस अखण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है जबकि प्रति सप्ताह के हर सोमवार से मंगलवार तक 24 घंटे तक अखण्ड पाठ का क्रम श्रवण मास से लेकर वर्तमान समय तक जारी है जो निरन्तर चलता रहेगा एवं 20 तारीख को मासिक पूजन अनुष्ठान का कार्यक्रम भी किया जाता है। जो भक्त श्रद्धालुजन हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ पूजन कार्यक्रम कराना चाहता है वह हनुमान मंदिर समिति से सम्पर्क कर अपना सहयोग प्रदान कर सकता है।

### निगम द्वारा स्वच्छ स्ट्रीट प्रतियोगिता का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र जी मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा निगम महापौर विक्रम अहके एवंआयुक्त चंद्रप्रकाश राय के कुशल मार्ग दर्शन में स्वच्छता ही सेवा ही पखवाड़ा मनाया जा रहा है।जिसके दसवें दिवस नगर के वार्ड नंबर 32 दशहरा मैदान पोला ग्राउंड एवं वार्ड नंबर 26 छोटा तालाब सुभाष पार्क की चौपाटी पर लगी खाद्य दुकानों पर स्वच्छ स्ट्रीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### मरही माता मंदिर से निकाली गई चुनरी यात्रा

**सिंगोड़ी।** मरही माता मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को चुनरी यात्रा निकाली गई इस दौरान सैकड़ों भक्त सामिल हुए। शुक्रवार को शाम 4 बजे से मेन रोड मरही माता मंदिर प्रांगण चुनरी यात्रा निकाली गई जो कई वार्डो से गाजे बाजे के साथ निकली । इस दौरान महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिला वही बड़े बुजुर्ग सहित भारी तादात में बच्चें भी सामिल हुए।वही भक्तो द्वारा बताया गया की स्वयं मां सिद्धिदात्री मरही माता अपने समस्त भक्तों को ग्रामीणजनो को चुनरी यात्रा के माध्यम से सुख समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद दिया। और इसके पूर्व नगरवासी ने मातारानी का स्वागत करने अपने अपने घरों के सामने साफ सफाई कर , दीपक जलाकर ,पुष्प वर्षा और चुनरी की पूजा अर्चना कर मातारानी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## पीड़ित युवकों ने दो लोगों के खिलाफ परासिया पुलिस में की शिकायत दर्ज

# गाड़ी देखकर चलाने को कहा तो कर दी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

आजकल युवाओं और टीनएजर्स को किसी बात की हिदायत देना , अपने ऊपर मुसीबत लेना भी साबित हो सकता है । इन युवाओं और टीनएजर्स का कब किस बात पर इगो हर्ट हो जाए और वे आपके साथ मारपीट कर बैठे , कहा नहीं जा सकता है । ऐसा ही परासिया के एक निजी स्कूलों में पढ़ने वाले कुछ बच्चों के साथ हुआ । उनका कसूर सिर्फ इतना था , कि उन्होंने एक युवक को लापरवाही से बाइक चलाने पर टोका , तो उसके और उसके साथियों के साथ जमकर मारपीट कर दी गई । जिसकी शिकायत पर परासिया थाने में की गई है ।मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र बैंक के समीप स्थित हैप्पी किड्स स्कूल के बच्चों की छुट्टी हुई और वह अपने घर के



लिए निकले । मेन रोड में आने के बाद स्कूल के पीछे ही रहने वाले एक युवक के द्वारा लापरवाही पूर्वक बाइक स्कूल के छात्र के पास से निकाली गई तो , छात्र ने बाइक चालक को टोका । फिर क्या था , बाइक चालक और उसके साथ बैठे उसके साथी ने उस छात्र और उसके साथ मौजूद एक अन्य छात्र के साथ मारपीट कर दी । यह खबर जब उस छात्र के भाई को लगी तो वह भी आया और उसने बीच बचाव करने की कोशिश की , लेकिन उसे भी किसी पैनी चीज से गर्दन पर मारा गया जिससे वह जख्मी हो गया । इसके बाद इस क्षेत्र में स्थित एक होटल पर छात्रों और लोगों का जमावड़ा लग गया । किसी ने 112 डायल कर पुलिस बुलाई । उसके बाद अन्य पुलिस अधिकारी भी आए । जिन्होंने घायल युवक को थाने चलकर शिकायत दर्ज करने की बात , लेकिन घायल युवक पहले तो थाने जाने को तैयार नहीं हुआ और उस लड़के को सामने लाने की बात करता रहा जिसने उसके भाई के साथ मारपीट की थी , लेकिन पुलिस अधिकारी की सख़्ती के बाद युवक थाने जाने को तैयार हुआ । इसी दौरान दुकान संचालक को भी थाने चलकर मामले में जानकारी देने की बात कही , लेकिन दुकान संचालक ने इस मामले में कोई भी जानकारी नहीं होने की बात कहकर उसने थाना जाने से मना कर दिया । जिसके चलते पुलिस अधिकारी के साथ बहस भी हुई और पुलिस अधिकारी ने दुकान संचालक को फटकार भी लगाई । बहरहाल पीड़ित युवकों की शिकायत दर्ज कर ली गई है और जांच शुरू कर दी गई है । पीड़ित युवकों ने दो लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है ।

## स्पेशल वार्ड का एसडीएम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया विधानसभा क्षेत्र में बच्चों में किडनी बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग सकते में नजर आ रहा है । वहीं प्रशासनिक तौर पर इस बीमारी के कारणों का पता लगाने और इसे फैलने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष कदम उठाए जा रहे हैं । इसी कड़ी में बच्चों को विशेष स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए सिविल अस्पताल परासिया में स्पेशल वार्ड बनाया गया है । जिसका शुक्रवार को एसडीएम शुभम यादव ने निरीक्षण किया । वे अस्पताल के वार्ड में पहुंचे जहां बुखार से पीड़ित पांच बच्चों को ऑब्जर्वेशन में रखा गया था ।

बीएमओ अंकित सहलाम ने बताया , कि क्षेत्र में लगातार सर्वे कराया जा रहा है , जो भी बच्चे बुखार से पीड़ित है उन्हें यहां ऑब्जर्वेशन में रखा जा रहा है । तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें तत्काल छिंदवाड़ा अस्पताल भेजने की व्यवस्था बनाई गई है । ठीक होने पर छुट्टी दी जा रही है । वहीं एसडीएम शुभम यादव ने बताया , कि इस मामले में उच्च स्तरीय जांच के लिए टीम में गठित कर दी गई है । आंगनबाड़ी



कार्यकर्ताओं , आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट पर रखा गया है । उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की , कि बीते एक सप्ताह में किडनी इन्फेक्शन का कोई और मामला सामने नहीं आया है । वहीं उन्होंने यह भी बताया , कि दिल्ली आईसीएमआर की एक टीम भी आ चुकी है जो क्षेत्र में दौरा कर

### अब तक नहीं आई रिपोर्ट

बच्चों को बुखार आने के बाद अचानक किडनी फेल होना एक गंभीर विषय बन गया है । ऐसा क्यों हो रहा है इसका अब तक कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है । जिसका पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पीड़ित बच्चों ले ब्लड आदि के सैंपल दिल्ली आईसीएमआर को भेजी गई थी , लेकिन उसकी रिपोर्ट अब तक नहीं आई है । वहीं क्षेत्र में लोग इस बात को जानने के लिए बेचैन है कि ऐसा किन कर्म से हो रहा है ।

## दो दर्जन से अधिक खूंखार कुत्ते मचा रहे आतंक



**सिंगोड़ीः** इन दिनों सिंगोड़ी में दो दर्जन से ज्यादा कुत्तों के झुंड के आतंक की खबर सामने आई है जिसमें कुछ लोगो पर हमला करने की बात भी कही जा रही है। ग्रामीणों ने बताया की कु.छ दिन पहले निगम के कर्मचारियों द्वारा सिंगोड़ी के पास पेंच नदी में कुत्तों के झुंड को छोड़ा गया था जो सिंगोड़ी में कई जगह आपस में लड़ते दिखाई दे रहे है और आने जाने वाले राहगीरो को परेशान कर रहे है। यदि ये आवारा कुत्ते शहर से लाकर छोड़ा गया है तो निश्चित रूप से लोगों के लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं। वही बताया गया कि सिंगोड़ी बस स्टैंड हाईस्कूल नई आबादी सहित अन्य वार्डो में आवारा कुत्तों की मौजूदगी से लोगों के लिए खतरा न बन जाए स्थानीय ग्रामीणों ने संबंधियों से मांग की है आवारा कुत्तों के आतंक से निपटने के लिए उचित उपाए किये जाए ।

## बच्चों में किडनी की बीमारी को लेकर अनशन पर बैठे विधायक

### स्वास्थ्य विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया विधान सभा क्षेत्र में छोटे बच्चों की किडनी खराब होने से हुई छः दुखद मौतों और अन्य पीड़ति बच्चों की समस्या को लेकर परासिया विधायक सोहनलाल वाल्मीकि शुक्रवार को अनशन पर बैठे । यह अनशन परासिया थाने के समीप अम्बेडकर प्रतिमा के सामने सुबह 9 बजे शुरू किया गया और दोपहर दो बजे आमसभा को सम्बोधित करने के बाद समाप्त हुआ ।

विधायक ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया , वहीं अन्य कांग्रेस नेताओं और नेत्रियों ने अपने वक्तव्य में भाजपा सरकार पर निशाना साधा । विधायक सोहन वाल्मीकि ने कहा , कि बच्चों में हो रही किडनी की बीमारी को न केवल एक मानवीय त्रासदी है , बल्कि स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की घोर लापरवाही को भी उजागर करती हैं । इस गंभीर स्वास्थ्य संकट ने क्षेत्र में गहन चिंता का माहौल पैदा कर दिया है ।

विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा है , कि जब तक इस मामले की उच्च - स्तरीय और निष्पक्ष जाँच नहीं की जाती और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती , तब तक वे चैन से नहीं बैठेंगे । उन्होंने सरकार से मांग की है , कि इस समस्या की जड़ तक पहुँचने के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया जाए । ये घटनाएँ क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की दयनीय स्थिति और संभावित पर्यावरणीय खतरों की ओर इशारा करती हैं । पीड़ित परिवारों को सांत्वना देने के साथ - साथ हम तत्काल और व्यापक कार्रवाई की माँग करते हैं





### ये है मांगे

**उच्च-स्तरीय जाँच** :- एक विशेष जांच दल का गठन किया जाए जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञ, पर्यावरण वैज्ञानिक और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हों । यह दल घटना के कारणों , जैसे कि पेयजल की गुणवत्ता , संभावित विषाक्त पदार्थों या प्रदूषकों की उपस्थिति और चिकित्सा में हुई चूक की गहराई से जाँच करे ।
**स्वास्थ्य सुविधाओं का उन्नयन** :- परासिया और आसपास के क्षेत्रों में बच्चों के लिए विशेष किडनी रोगों से संबंधित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं तुरंत स्थापित की जाएँ । वर्तमान में ऐसी सुविधाओं का अभाव है , जिसके कारण बच्चों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है । पीड़ित परिवारों को मुआवजा :- मृतकों के परिवारों को पर्याप्त वित्तीय सहायता और सभी प्रभावित बच्चों के लिए मुफ्त इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
**जन जागरूकता अभियान** :- भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए, क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाए जाएँ। लोगों को स्वच्छ पेयजल के महत्व और प्रारंभिक लक्षणों की पहचान के बारे में शिक्षित किया जाए ।
**ये रहे मौजूद** :- विधायक वाल्मीकि के अनशन कार्यक्रम में ब्लाक अध्यक्ष कमल राय , उमरेठ ब्लाक अध्यक्ष मानक बेलवंशी , चांदमेटा नगर पंचायत अध्यक्ष गोविन्द बिजोलिया , समन्वयक बसंत मालवीय , नगर अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह , कांग्रेस नेता हरी वर्मा , इंटक संयुक्त महामंत्री अलाउद्दीन खान , पार्षद सावित्री वर्मा , प्रतिभा सोनी , रुक्मा बंसोड़ , पूनम कैथवास , अंजलि श्रीवास्तव , सुशील जायसवाल , शकील खान , बिट्टू डेहरिया , राजा राय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे

## मिश्रित प्रजातिया के पोधों का किया गया रोपण



**दमुआ।** गुरूवार को पं. श्री दीनदयाल जी की जयंती के पावन अवसर पर वन परिक्षेत्र दमुआ सामान्ये अन्तर्गत दमुआ रेंज के तहत सिद्धनाथ पहाडी से लगे वन क्षेत्र में 625 वृक्षारोपण किया गया जिसमे आम, आवला, बांस महुआ, नीलगिरी सहित अन्य प्रजातियों के वृक्ष सामिल है। एवं तीन स्थानो पर अभी वृक्षारोपण होना है इस तरह कुल 1875 वृक्षा रोपण किया जाना है जिसमें आमाझिरिया पहाडी से लगा क्षेत्र, कांगला के वन क्षेत्र में, 625-625 वृक्षारोपण किया जाना है। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से न.पा. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सोनू पाटिल, प्रभाकर वासनिक , संजय साहू, मनोज दवण्डे , जय माण्डवार, विशाल सूर्यवंशी सभापति, सोहन चैहान सभापति सहित वन विभाग दमुआ के वन परिक्षेत्र अधिकारी धमेन्द्र शर्मा, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी विनोद परतेती, डिप्टी हरदयाल कुमरे, डिप्टी रामप्रसाद कवरेती, डिप्टी तिवारी जी, डिप्टी हेमल नर्रे जी, डिप्टी कवरे जी , डिप्टी सरेयाम जी, नाकेदार, वन रक्षक, महिला क्लर्क , चैकीदार वन समिति के लोग, कर्मचारी अधिकारी सहित पत्रकार बन्धु दुर्गासिंह राजपूत, हेमराज गाठे और अन्य पत्रकार बन्धु मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा प्रतिनिधियों ने बाजार घूमकर स्वदेशी उत्पाद क्रय-विक्रय का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

यहां आज भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों द्वारा जीएसटी बचत उत्सव के तहत बाजार में भ्रमण करते हुए व्यापारी बंधुओं के साथ संवाद किया। दुकान - दुकान भ्रमण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने क्रेताओं बताया कि नई जीएसटी व्यवस्था उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों के लिए राहतकारी सिद्ध रहेगी।

नेताओं ने जनता से वार्तालाप के दौरान स्वदेश उत्पादों के प्रयोग करने और व्यापारियों से भी अधिकतम स्वदेशी उत्पादों की बिक्री को बढावा दिए जाने की अपील की। पूर्व राज्य शिक्षामंत्री नानाभाऊ मोहोड ने व्यापारियों को संदेश दिया कि हे जीएसटी छूट का पूरा लाभ समाज तक पहुंचाकर आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने का संदेश दिया। इस अवसर पर नगरमंडल अध्यक्ष प्रकाश छागाणी, अरूण भोसले, यादोराव डोबले, उज्वल सिंह चौहान, सतीश बांबल, रामेश्वर खोडे, नीतिन बेहूने, रिखबचंद बाफना, शैलेश शाह, माधवराव पाटिल, प्रभाकर घोडे, प्रवीन निंबुलकर, हंसराज कडवे, लक्ष्मण कपले, उमेश उरकडे, पंकज नाईक, गणेश तहकित, सुनील अमजीरे, सीताराम कोरडे, रोशन चातरकर तथा दुर्गेश उईके उपस्थित रहे।

## जैविक वाटिका पहुंचे कलेक्टर, एसपी एवं विवेक महाराज

**पांढुर्ना।** कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसपी सुंदर सिंह कनेश तथा विवेक महाराज 10 किमी दूर ग्राम सिवनी स्थित जैविक वाटिका पहुंचे। यहां पर प्रशासन ने जैविक संगम का शुभारंभ किया। यहां पर स्थानीय स्वसहाता समूहों द्वारा तैयार किए गए गए जैविक उत्पाद जैसे कोदो-कुटकी, दालें, दलिया एवं अनेक प्रकार की सब्जियां पैदा की जा रही है। इन अतिथियों ने इस मौके पर वाटिका से सब्जियां खरीदी। 1 एकड क्षेत्र में फैली इस जैविक पोषण वाटिका में बिना किसी रासायनिक उर्वरक की मदद के सब्जियां एवं अन्य चीजों की पैदावार ली जा रही है। इस वाटिका में 600 से अधिक फलदार पेड भी लगाए गए है। कलेक्टर अजय देव शर्मा ने इस मौके पर कहा कि प्राकृतिक खेती स्वावलंबन की ओर बढाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। यहां उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने द्वारा जिले में जैविक खेती को बढावा दिए जाने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास कर रहा है। श्री विवेक महाराज ने भी इस वाटिका से जैविक दालों एवं अन्य सामग्री क्रय की और अपने भक्तजनां दैनंदीन जीवन में जैविक उत्पाद उत्पाद प्रयोग करने का संदेश दिया। ज्ञात हो कि इस वाटिका में स्वसहायता समूह रानी लक्ष्मीबाई समूह मोरडोंगरी द्वारा बिना रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के सब्जियों उत्पादन किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों ने वाटिका की सब्जियों को उपयुक्त मार्केटिंग व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एसडीएम अलका इक्का, जनपद सीईओ बंदू सूर्यवंशी तथा तहसीलदार विनय ठाकुर के अलावा अनेक मौजूद थे।



## दंत शिविर में मरीजों ने कराई जांच

### ऐसे दंत मरीजों का इलाज जिला अस्पताल में किया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पखवाड़े में जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में आज डेंटल कैंप जो की पोला ग्राउंड में विगत दिनों में लगाया गया था उसमें आए हुए मरीज के मुंह में पिछले वर्षों से एक बहुत बड़ी सूजन (गठान) थी जिस की वहां उपस्थित डॉक्टर बग्गा एवं उनकी टीम द्वारा जांच कर जिला चिकित्सालय में भेजा गया, जिसका सफल ऑपरेशन आज दंत विभाग में किया गया। इस ऑपरेशन में डॉक्टर योगेश पाल सिंह, डॉक्टर रत्नेश बग्गा, डॉ पंचराज वर्मा, डॉ सुचिता एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। मेडिकल कॉलेज की टीम का भी सहयोग रहा। जिला प्रशासन एवं जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार का 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है, इस के तहत आयोजित कैम्प में आए महिला का ऑपरेशन आज सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. गुन्नाड्रे के नेतृत्व में किया गया। आगे भी होने वाले कैंपों में इस तरीके के मरीजों का इलाज जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में किया जाएगा।

## दमुआ कॉलेज में रोजगार अल्पवधि प्रशिक्षण का आयोजन

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एवं प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास की अध्यक्षता में आयोजित अल्पावधि रोजगार प्रशिक्षण (बीपीओ नॉन वॉइस) का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और बीपीओ नॉन वॉइस क्षेत्र से संबंधित व्यावसायिक कौशल, संचार कला तथा कंप्यूटर का महत्वपूर्ण ज्ञान प्राप्त किया। प्रशिक्षण का संचालन श्री अंकित धीमान द्वारा किया गया, जो सोसाइटी फॉर ह्यूमन ओरिएंटेड डेवलपमेंट से जुड़े प्रशिक्षक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक आवश्यकताओं से अवगत कराते हुए व्यावहारिक और प्रायोगिक ज्ञान प्रदान किया। समापन अवसर पर प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रमाण पत्र जनभागीदारी अध्यक्ष श्री दिलीप गोहे जी के करकमलों द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा सफलता उन्हीं को मिलती है जो निरंतर सीखते हैं और समय के साथ खुद को अपडेट रखते हैं। बीपीओ और आईटी सेक्टर आज रोजगार की नई राहें खोल रहे हैं, छात्रों को चाहिए कि वे इस अवसर का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। आज के कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुषमा टांडेकर ने किया और आयोजन का संपूर्ण दायित्व कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी श्री जितेन्द्र दिवाकर द्वारा निभाया गया।

### सांसद बंटी साहू एवं पूर्व विधायक ने की सहभागिता

## बिछुआ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

स्थानीय क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बिछुआ में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछुआ के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की निःशुल्क जांच, परामर्श, तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया। मुख्य रूप से सामान्य रोग, नेत्र परीक्षण, शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच, तथा महिलाओं से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई।शिविर में क्षेत्र के कुल 1289



मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाए एवं शिविर का लाभ उठाया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। आयोजकों के अनुसार, भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।इस दौरान मुख्य रूप से सांसद विवेक बंटी साहू,पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे,विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा,पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर,जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,गोपल कवरेती,नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे,जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी, जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,परिषद उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे,पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसिंह पटेल,शिवराम चौरसिया,रघुराज पटेल,मंडल महामंत्री द्वय विजेंद्र सिंह दीक्षित,श्रीमती कीर्ति करमेले,रिजवान कुरैशी,बीएमओ डॉ नीलेश सिद्धाम,सीईओ गौरव तिवारी,थाना प्रभारी सतीश उईके,स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी समेत प्रशासनिक कर्मचारी,वरिष्ठ नेता,पार्षद गण मातृशक्ति पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम वशैल एस. कुट्टाप्पन (VAZHAIL S. KUTTAPPAN) पिता वशैल कृष्णन केसवन (VHZHAIL KRISHNAN KASAVEN) लिखा है और मेरे बैंक पासबुक, पेंशन बुक, ड्रायविंग लायसेंस, सम्पत्ति रजिस्ट्री आदि में मेरा नाम व्ही.एस. कुटप्पन (V.S. KUTTAPPAN) पिता व्ही. के. केश्वन (V.K. KASAVEN) लिखा हुआ है अतः मैंने अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि में अपना नाम व्ही.एस. कुटप्पन (V.S. KUTTAPPAN) पिता व्ही.के. केश्वन (V.K. KASAVEN) लिखवाना चाहता हूँ जो मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि में पढ़ा और लिखा जाये।

आवेदक
व्ही.एस. कुटप्पन (V.S. KUTTAPPAN)
पिता व्ही. के. केश्वन (V.K. KASAVEN)
निवासी वार्ड नं. 30, ईएलसी के पीछे, सुभाष कालोनी, छिंदवाड़ा, म.प्र.-480001

# भंसाली विद्या मंदिर में स्काउट गाइड ने किया वृक्षारोपण

**सौंसर।** भंसाली विद्या मंदिर में स्काउट एंड गाइड के छात्र छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण को सुरक्षित रखकर अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। विद्यालय प्राचार्य जहीर अहमद पटेल ने बताया कि ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ भारत में चल रहा एक राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान है, जो नागरिकों और बच्चों को अपनी माँ या धरती माँ के नाम पर एक पेड़ लगाकर मातृशक्ति और पर्यावरण के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसका उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना और हरित भविष्य का निर्माण करना है। इसी अभियान के अंतर्गत खेल शिक्षक श्री सुनील यादव एवं श्रीमती कंचन गेडाम के मार्गदर्शन में स्काउट एंड गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में पोषण वाटिकाएं विकसित की जा रही हैं, जहाँ छात्रों और शिक्षकों द्वारा फलदार और औषधीय पौधे लगाए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक श्रीष चंद्र त्रिपाठी, शाला समन्वयक श्रीमती मनीषा निखाड़े, वरिष्ठ शिक्षक श्री सबील अहमद खान, सुनील यादव ,श्रीमती कंचन गेडाम,राजेश मोरे आदि उपस्थित थे।

## श्रीरामलीला देखने पहुंच रहे लोग, बारात के दौरान की गई आतिशबाजी

# श्रीराम की निकली बारात, उमड़ा जन सैलाब



### पूजा पंडाल में महिलाओं द्वारा किया गया सुहागले का आयोजन

**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 पंचशील कॉलोनी टाटारवाड़ा रोड में जय मां रेणुका महिला मंडल द्वारा माता दुर्गापूजा पंडाल में सुहागले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा माता रानी को श्रृंगार अर्पित कर एक दूसरे को तिलक लगाकर सुहाग सामग्री भेंट की गई। इस दौरान वार्ड की महिलाओं में सरितामालवीया, उषा टोकेकर, योगिता कुशवाहा, सुखवाती कहार, रोशनी चाटे, नंदा कुशवाहा, अंजू खातरकर, पूजा मौर्य, सरोज चौबे, स्वाति तिवारी, गौरी राजपूत, प्राची माहुरकर, संजना, शिवांशी, दीपा, भट्टी, पूजा कुशराम, पुष्पा बिहार, विनीत दीक्षित, रिंकी आवले, प्रमिला उईके, रामकली कहारसहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के श्री रामलीला मंच पर बीती रात्रि को श्री राम विवाह की कथा का मंचन किया गया। भगवान श्री राम की बारात वार्ड क्रमांक 7-8 में स्थित श्री शिव मंदिर से निकली जहां पर शिव मंदिर को अयोध्या जैसे सजाया गया था बारात में सैकड़ो की संख्या में नगर वासी सम्मिलित हुए जहां पर रथ में सवार होकर श्री राम के साथ अनुज भरत लक्ष्मण और शत्रुघ्न भी विवाह रचाने जनकपुर के लिए निकले बारात में भक्ति में धो पर थिरकते हुए बैंड बाजे की थाप पर सैकड़ो युवा झूमते रहे। बारात के दौरान भव्य आतिशबाजी भी की गई। शहर वासियों द्वारा जगह-जगह बारात का भव्य स्वागत किया गया। श्री रामलीला मंच जनकपुरी पहुंचने पर बारात का स्वागत सत्कार किया गया जहां पर रामलीला मंच में भगवान श्री राम सहित तीनों अनुज भाइयों का विवाह विधि विधान से संपन्न कराया गया। लीला के दौरान प्रमुख पात्रों के रूप में अनुरूप शर्मा (श्री राम), शैलेंद्र मिंटू शर्मा (लक्ष्मण), हर्ष सोनी (सीता), धर्मेंद्र मालवीय (भरत), देवांश मालवीय (शत्रुघ्न) की भूमिका में नजर आए।

# कॉलेज में युवाओं ने सीखा मोबाइल रिपेयरिंग करना



**सौंसर।** नगर के शासकीय महाविद्यालय सौसर में को प्राचार्य डॉ डी के इंदौरकर के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम का समापन किया गया,कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा फीडबैक दिया गया कि उन्होंने 30 दिवस में किस प्रकार मोबाइल सुधारना सीखा। विद्यार्थियों ने अपनी तीस दिवसीय यात्रा को अपने जीवन का मील का पत्थर बताया । प्राचार्य डॉ डी के इंदौरकर ने विद्यार्थियों को मोबाइल के लाभ एवं हानि से परिचित करवाते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण के द्वारा विद्यार्थियों में नई-नई प्रतिभाओं का विकास होता है व साथ ही वे अपने भविष्य के लिए इसे रोजगार के रूप में भी अपना सकते हैं। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती शिखा साहू ने 30 दिवसीय कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया।मंच संचालन विजय मंडराह के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन इंद्रपाल राऊत ने किया।इंदु तांडेकर ने कहा कि अब महिलाएं भी इस क्षेत्र में तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। खेल प्रभारी डॉ एन के गेडाम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ दूसरी गतिविधियों में भी आगे रहना चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विधायक के अनशन को भाजपा ने बताया ढकोसला




**परासिया :** इन दोनों परासिया विधानसभा क्षेत्र में छोटे बच्चों में हो रहे किडनी इन्फेक्शन ने एक ओर जहां प्रशासन को सकते में डाल दिया है , वहीं इस मामले में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को लापरवाह बताते हुए कांग्रेस विधायक द्वारा किए गए अनशन को भाजपा ने ढकोसला बताया है । परासिया में स्थित अपने कार्यालय में विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया ने नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, परासिया शहरी मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी , उमरेठ मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद कुमरे , भाजपा नेता भगवानदास झा की उपस्थिति में प्रेसवार्ता की गई । जिसमें कहा गया , कि कांग्रेस विधायक सोहन वाल्मीक को इस समय प्रशासन का सहयोग करना चाहिए , उन्हें किडनी बीमारी के चलते मृत हुए बच्चों और अन्य पीड़ित बच्चों के परिवारों से मिलना चाहिए , लेकिन वे उल्टे इस मामले में राजनीति कर रहे हैं । अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि श्री वाल्मीकि को ऐसा करना शोभा नहीं देता है । उन्हें तो शासन प्रशासन पर उंगली उठाने की बजाय सहयोग करना चाहिए क्योंकि शासन और प्रशासन इस मामले को लेकर बेहद गंभीर है और मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच भी कराई जा रही है । उन्हें विधायक निधि से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहयोग करना चाहिए । मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी ने कहा , कि विधायक किसी भी पीड़ित के घर अभी तक नहीं गए हैं , उन्हें जाना चाहिए और पीड़ितों से मिलकर उन्हें जो सहयोग हो सकता है देना चाहिए । श्री नागी यह भी कहा , कि कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जो अंबाड़ा में रहते हैं उनके घर के पीछे ही कोयला खदान में एक हृदय विदारक घटना हुई , जिससे सामने आया , कि उनके क्षेत्र में कोयले का अवैध कारोबार चल रहा है उन्हें यह नहीं दिखाई दिया उल्टे में बच्चों की मौत पर राजनीति कर रहे हैं ।

# जाखीवाड़ा तपोभूमि में भिक्खु संघ ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

जाखिवाड़ा रोड स्थित तपोभूमि मेंतथागत धम्म प्रकल्प समिति एड़ वासुदेवराव नंदाबाई बागडे चैरिटेबल ट्रस्ट जाखिवाड़ा मैं धम्म ध्वज यात्रा में पधारे भिक्खु संघ का स्वागत सत्कार करते हुए भोजन दान वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया, इस दौरान संघनायक भन्ते रेवतजी श्रीलंका, धम्म ध्वज यात्रा प्रमुख भन्ते विनाचार्यजी, यात्रा संयोजक नितिन गजभिए, राकेश धारगावे,स्मिता वाकड़े प्रमुखता से उपस्थित थे। तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाड़ा के सचिव डॉ अशोक भगत ने बताया तपोभूमि में भिक्खु संघ के आगमन पर भोजनदान के साथ तपोभूमि में भविष्य में यहां पर तथागत भगवान गौतम बुद्ध की लगभग 15 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना, भिक्षु निवास, बौद्ध संस्कार केंद्र, विपश्यना साधना सेंटर, गार्डन आदि के संबंध में जानकारी देते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया,इस दौरान भी भिक्खु संघ के द्वारा भी परिसर का भ्रमण करते हुए निर्माण कार्यों को लेकर सुझाव दिए, इस दौरान श्रीमती नंदाबाई बागडे चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य चद्रभानजी बागड़े, श्रीमती विमल भगत,राहुल बागडे,मुकेश बागड़े,आनंद शेंडे,डॉ राहुल वाहने,ज्योति देशभरतार,आदि थे।

# रामाकोना क्षेत्र में अवैध धंधों की बाढ़: कोहले




**सौंसर।** क्षेत्र में अवैध गतिविधियो को लेकर कांग्रेस नेता सोपान कोहले के नेतृत्व में युवाओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए अवैध व्यवसाययों पर कार्रवाही करने की मांग की है,कांग्रेस नेता सोपान कोहले ने बताया कि इन दिनों सौंसर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध व्यवसाय जारी है। नगर के चौक चौराहे पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है,ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के रामाकोना ओर उसके ग्रामीन भाग रामपेठ कच्चिधाना,रंगारी जोबनी में खुलेआम सट्टा व्यवसाय का संचालन किया जा रहा है। रामाकोना में चाय की टपरियों से लेकर पान ठेलों तक एजेन्ट बैठे है। यहां पर युवाओं को मोबाईल द्वारा ऑनलाईन ऐप के माध्यम से सट्टा खिलवाया जा रहा है। अवैध कारोबारी के कारण क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग होते जा रही है अवैध कारोबारी पर पुलिस प्रशासन ने कार्रवाही करनी चाहिए।

# नगर पालिका द्वारा किया गया एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता श्रमदान




हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा स्वच्छता की विभिन्न गतिविधियां सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं अन्य कार्यक्रम दैनिक रूप से संचालित किये जा रहे है। अभियान के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों के संबंध में सूर्यप्रकाश उके मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 25 सितम्बर को विशेष गतिविधि एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर वृहद स्वच्छता श्रमदान गतिविधि आयोजित की गई। जिसमें दीनदयाल चौक पर सम्पूर्ण सफाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा की धुलाई, सफाई का कार्य किया गया।

स्वच्छता श्रमदान में विशेष रूप से जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक स्वयं सेवी संस्था, एन जी ओ, नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी, सफाई मित्र, आसपास के गुमठी संचालक एवं नागरिकगण उपस्थिति रहे। स्थानीय कमला नेहरू विद्यालय में जाकर स्कूली छात्राओं को स्वच्छता का महत्व बताते हुए समस्त स्टॉफ के साथ स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

# पति की मौत के बाद कर्ज में डूबी पत्नी

## बेटा-बेटी के लालन-पालन में आ रही परेशानी प्रशासन से लगाई मदद की गुहार



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे पति का उपचार कराने के लिए रिश्तेदारों और आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों से कर्ज लेकर भी पति की जान ना बचा पाने वाली महिला कर्ज में डूब गई है. 16 सितंबर को पीड़ित महिला ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुंचकर बच्चों के पालन-पोषण के लिए आर्थिक मदद प्रदान करने की गुहार लगाई थी. कलेक्टर ने उप संचालक सामाजिक न्याय को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे लेकिन 10 दिन बाद भी पीड़ित महिला को किसी भी प्रकार की प्रशासनिक मदद नहीं मिली है. पूरा मामला बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पौनियां का है. यहां की महिला किरण जगने के पति अजय जगने की 07 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई. अजय कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे. उनके उपचार के लिए गृहिणी महिला किरण जगने ने अपने नाते-रिश्तेदारों और आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों से कर्ज लिया था. अब पति की मौत के बाद वह कर्जदारों का कर्ज कैसे चुकाएंगी और बच्चों को लालन-पालन, पढ़ाई-लिखाई कैसे होगी. इस बात की चिंता से वह परेशान है।

पीड़ित महिला ने अपनी परेशानी साझा करते हुए बताया कि उनके दो बच्चे है दोनों ही सरकारी स्कूल में पढ़ाई करते है. पढ़ाई में कॉपी-किताब का खर्च उठाने में दिक्कत होती है. उन्होंने बताया कि लाडली बहना योजना से मिलने वाली राशि से साग-सब्जी खरीदती है और सरकारी अनाज से पेट भर रहा है. गांव में ही मजदूरी का काम करने से जो थोड़ा पैसा मिलता है उससे किराना सामान लेती है. महिला का कहना है कि कर्जदारों को पैसा चुकाने के लिए पैसा नहीं जुटा पा रही है. उन्होंने बताया कि पति की मौत के बाद उन्होंने संबल योजना का लाभ लेने के लिए प्रयास किया तो पता चला कि ऑनलाइन पोर्टल पर पति का संबल कार्ड अपात्र बता रहा है जबकि यह परिवार बेहद गरीब है. महिला की प्रशासनिक मदद के लिए जनपद पंचायत स्तर के सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि सरकारी योजना का हर संभव मदद दी जाएगी।

# राजस्थान पुलिस बीकानेर एवं आर के एम नारायणपुर छत्तीसगढ़ ने जीते मैच



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** उकवा मायल लिमिटेड सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में 64 वा अखिल भारतीय नॉक आउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 सितंबर से मायल मैदान उकवा खान में किया जा रहा है जिसके तहत 26 सितंबर 2025 को पहला मैच राजस्थान पुलिस बीकानेर एवं द राक डायमंड फुटबॉल एकैडमी मध्य प्रदेश के बीच खेला गया जिसमें राजस्थान पुलिस बीकानेर 2/1 से विजय रही पहले मैच के निर्णायक सुरेश विश्वकर्मा कुलदीप सिंह राहुल गुप्ता गौरव पाचे इसी प्रकार दूसरा मैच आर के एम नारायणपुर छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा स्टेट उड़ीसा कटक के मध्य खेला गया जिसमें आर के एम नारायणपुर छत्तीसगढ़ 6/2 से विजय रही दूसरा मैच के निर्णायक रोहित यादव विकास वरकडे नितेश मरावी मुकेश तिलासी मैच के मुख्य अतिथि खान प्रबंधक उकवा निषाद निकोंसे उप खान प्रबंधक जयंता प्रधान एवं विशेष अतिथि टेकचंद मदनकर मायल लिमिटेड सुरक्षा निरीक्षक उकवा समीर बेनर्जी अजय बडोले राहुल धुर्वे नंदलाल बावनकर प्रेमलाल बारेलाल सलामे उदेलाल लिल्लारे दिनेश नंद बाबूलाल कौशल एवं हजारों संख्या पुरुषों महिला दर्शकों की उपस्थिति में मैच प्रारंभ किया गया कल दिनांक 27 सितंबर 2025 दिन शनिवार को खेले जाने वाले मैच पहला मैच मायल ईलेवन नागपुर महाराष्ट्र एवं बैंक ऑफ़ बड़ौदा मुंबई महाराष्ट्र के मध्य खेला जाएगा तथा दूसरा मैच साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे नागपुर महाराष्ट्र एवं केरल पुलिस तिरुवंतपुरम के मध्य खेला जाएगा ठीक 1:30 चालू हो जाएगा सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उकवा खान के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने दशकों से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर फुटबॉल टूर्नामेंट को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## जंग लगने से जाम हो रही मशीने, नहीं हो रहा उपयोग

# ओपन जिम परिसर में चारों तरफ गंदगी का आलम

### सफाई की मांग को लेकर छात्रों ने सीएमओं को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर के शासकीय महाविद्यालय प्रांगण में शासन द्वारा बनवाया गया ओपन जिम पिछले काफी समय से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। नगर परिषद की अनदेखी के चलते ओपन जिम में लगी मशीनों में जंग लगने लगा है। जिसको लेकर महाविद्यालयीन छात्रों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। छात्रों का कहना है कि शासकीय महाविद्यालय लांजी के समीप शासन द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य एवं फिटनेस को ध्यान में रखते हुए एक ओपन जिम की स्थापना की गई है। इस स्थान पर प्रतिदिन प्रातःकालीन भ्रमण हेतु अनेक छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, छोटे बच्चे एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक व्यायाम करने आते हैं। परंतु खेद की बात है कि ओपन जिम के आसपास भारी मात्रा में कचरा एकत्रित हो गया है, जिससे परिसर की स्वच्छता एवं सुरक्षा दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यह कचरा न केवल पर्यावरण को दूषित कर रहा है, बल्कि इससे जहरीले जीव.जंतुओं के पनपने की आशंका भी बनी रहती है। विशेषतः सुबह के समय जब विद्यार्थी एवं अन्य नागरिक व्यायाम करते हैं, तब किसी भी अप्रिय घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जिसको लेकर शासकीय महाविद्यालय लांजी के जागरूक छात्र पवन कश्यप, शफीक खान, ऋषभ मातरे एवं अन्य छात्रों द्वारा नगर परिषद सीएमओ को ओपन जिम परिसर एवं उसके आसपास शीघ्र सफाई कराने के लिये आवेदन दिया गया। जिस पर सीएमओं ने छात्रों की समस्या को देखते हुए शीघ्र ही ओपन जिम परिसर में सफाई कराये जाने का आश्वासन दिया है।

# भैंसों से लदी तीन पिकअप को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की टीम ने पकड़ी, पुलिस ने लिया कब्जे में



**हरिभूमि न्यूज लांजी ।** लांजी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम काशी टोला के बगदेही ग्राम में उस समय हड़कंप मच गया जब लांजी बगदेही से महाराष्ट्र के ग्राम चांगेरी काटी ले जाने के लिए तीन पिकअप (MH 35 AJ 2840, MH 35 AJ 3718, MH 35 AJ 3697) को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रात्रि के करीब 12 से 1:00 के बीच ग्राम बगदेही लांजी से लगभग 16भैंस और बोदा से भरे वाहन को पकड़ा और पुलिस के हवाले किया।

तीनों वाहन में लगभग 16 भैंसें और बोदे लदे हुए थे। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उक्त पशुओं को काटने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। लांजी पुलिस थाना प्रभारी बिभेंदु व्यंकट टांडिया ने बताया कि जानवरों से लदी पिकअप को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

लांजी क्षेत्र गौवंश तस्करी का गढ़ बनता जा रहा है। पूर्व में लांजी क्षेत्र के लगे ग्रामों में ज्यादातर गौवंश तस्करी होती थी, लेकिन अब महाराष्ट्र की गाड़ियों को लांजी नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 2 में भरकर महाराष्ट्र की ओर तस्करी की जा रही है।

लांजी क्षेत्र में सालेटेकरी रोड से पूर्व में कई मर्तबा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा गौवंश तस्करी को लेकर बड़े-बड़े वाहनों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया और पुलिस के द्वारा भी इस पर बड़ी-बड़ी कार्यवाही की गई। इसके बावजूद गौवंश तस्करों को किसी बात का कोई भय नहीं दिखाई देता है।

पूर्व पार्षद और वर्तमान में भाजपा महामंत्री गौरव बैस ने बताया कि गौतस्करी पूरे जिले में एक संवेदनशील समस्या है। प्रशासन का उदासीन रवैया और सिस्टम की कमी के चलते गौतस्करों के हौसले बुलंद हैं। यदि प्रशासन मुस्तैदी से गौतस्करी को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हो जाए और सिस्टम की कमियों को दूर किया जाए, तो निश्चित ही गौतस्करी पर अंकुश लगाया जा सकता है।

विश्व हिंदू परिषद प्रखंड लांजी के अध्यक्ष राजू रामटेक्कर ने कहा कि इस गौवंश तस्करी में लांजी के घोटी निवासी बाबा खान का नाम आ रहा है। उन्होंने मांग की कि बाबा खान पर कार्यवाही की जाए और शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किए गए मकान को बुलडोजर से गिरा दिया जाए।

# ग्राम पंचायत बम्हनगांव में रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश




हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

मुख्यालय से 05 कि.मी. ग्राम पंचायत बम्हनगांव में 25 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, , सरपंच बालचंद पांचे एवं समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी आंगनबाड़ी की महिला स्वास्थ्य कर्मचारी एवं समूह की दिदीया उपस्थिति रही। जनपद पंचायत के नोडल अधिकारी बी.एस.सैय्याम, विकासखंड समन्वयक स्वच्छता भारत श्रीमती सरोज आसटकर, एवं, स्कूल के छात्र-छात्राएं, शिक्षक- शिक्षिकाएं, जनपद पंचायत किरनापुर के कार्यक्रम मिशन स्वच्छता ग्राम स्वच्छता रैली स्कूल से प्रारंभ किया गया जो विभिन्न चौक चौराहों में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कचरा संग्रहण, झाड़ लगाकर पालीथीन, कचरा इकट्ठा करके फेंका गया, तथा समस्त दुकानदारों एवं नागरिकों को अपने घरों एवं दुकानों के आसपास साफ सफाई रखने की अपील की गई। ग्राम पंचायत बम्हनगांव के पंचगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति सराहनीय रही ।


झिरा चौक धनौरा


साजपानी टोला धनौरा


श्री राम मंदिर धनौरा


खैरमाई मंदिर धनौरा

## मां योगमाया कात्यायनी देवी मंदिर बंडोल में षष्ठी पूजन 28 सितंबर को

**बंडोल/सिवनी**-- मां योगमाया कात्यायनी मंदिर बंडोल में प्रतिवर्ष नवरात्र पर्व पर षष्ठी पूजन का विशेष महत्व होता है इस शारदेय नवरात्र महापर्व पर 28 सितंबर दिन रविवार को वरार्थिनी विवाह योग कन्याओ एवं संतान अभिलाषी दंपतियों द्वारा मां भगवती का विशेष पूजन किया जायेगा मंदिर के मुख्य अर्चक शास्त्री सतेन्द्र तिवारी द्वारा बताया गया मंदिर में षष्ठी पूजन हेतु शास्त्री राजकुमार दुबे सहित अन्य विद्वान ब्राह्मणों की विशेष व्यवस्था की गई है।




ग्राम धनौरा विराजमान आदि शक्ति

# नवरात्रि और रामलीला जैसी सांस्कृतिक परंपराओं से युवा हो रहे दूर

## गरबा के नाम पर पैसे बटोरते हैं धर्म के ठेकेदार भक्ति की आड़ में हो रहा व्यापार, संस्कृति हो रही शर्मसार

**नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। लेकिन आजकल इस पावन अवसर को धर्म के ठेकेदारों ने धंधे का जरिया बना लिया है। गरबे के नाम पर भारी-भरकम पास की रकम वसूली जा रही है, स्पॉन्सरशिप के नाम पर लाखों रुपये इकट्ठे किए जा रहे हैं और श्रद्धा की आड़ में शुद्ध व्यापार चमकाया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जहां एक ओर ग्रामीण और आमजन मां अम्बे की भक्ति में लीन रहते हैं, वहीं आयोजकों की नजर सिर्फ टिकट और प्रायोजकों से आने वाले पैसे पर रहती है। गरबा पंडालों में अब भक्ति की जगह रंगीन रोशनी, तेज़ DJ और आधुनिक फैशन शो का माहौल नजर आता है। भक्ति का नाम लेकर खुलेआम फूहड़ता परोसी जा रही है और इसे धार्मिक आयोजन का रूप दे दिया गया है।





### रामलीला गायब, व्यापार हावी

बुजुर्गों का कहना है कि पहले नवरात्रि पर रामलीला होती थी, लोग श्रीराम के आदर्शों से सीख लेते थे और परिवार के साथ संस्कृति से जुड़ते थे। लेकिन आज के दौर में रामलीला के मंच सूने हो गए हैं और गरबा पंडाल पैसे कमाने का अड्डा बन गए हैं। धर्म के ठेकेदारों ने समाज को भक्ति से दूर और दिखावे की ओर धकेल दिया है।

### समाज को करना होगा जागरूक

समाजसेवियों का कहना है कि अगर यह प्रवृत्ति नहीं रुकी तो आने वाली पीढ़ियां नवरात्रि को केवल मौज-मस्ती और व्यापार का साधन मानेंगी, भक्ति और संस्कृति कहीं पीछे छूट जाएगी। जरूरत है कि लोग जागरूक होकर ऐसे आयोजनों का बहिष्कार करें जहां धर्म की आड़ में पैसा कमाया जा रहा हो और गरबे जैसे पवित्र आयोजन को फूहड़ता का मंच बना दिया गया हो।

**खबर संक्षेप**

### माता रानी के पंडालों में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता बैनर लगाए गए

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**
सिवनी 26 सितम्बर 25/ जिले में नवरात्रि पर्व के अवसर पर कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन पर माता रानी के सभी पंडालों में यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता लाने हेतु परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित बैनर लगाए जा रहे हैं।

इन बैनरों के माध्यम से श्रद्धालुओं व आम नागरिकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा नशे में वाहन न चलाने जैसे संदेश दिए जा रहे हैं। धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में पहुँचने वाले श्रद्धालुओं को सड़क सुरक्षा के संदेशों से जोड़ने का यह एक सार्थक प्रयास है, जो सड़क दुर्घटनाओं में कमी ला सकता है।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान : सिविल अस्पताल में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 544 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**केवलारी, स्थानीय सिविल अस्पताल केवलारी में भारत सरकार के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से पूरे देश में चलाये जा रहे, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक निरंतर स्वास्थ्य शिविर चल रहे है।**



इसी कड़ी में आज दिनांक 25 सितंबर को विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सिवनी जिले से पधारे विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा 544 मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांच की गई।

जिसमें 156 गर्भवती महिलाओं की जांच प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत की गई ।विकासखंड स्तर सिविल अस्पताल पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है जिसमें उच्च जोखिम वाली महिलाओं की जांच की जाती है इस स्वास्थ्य शिविर में प्रमुख रूप से जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज सिवनी प्रमुख डॉक्टरों के दल में डॉ दीपक अग्निहोत्री एमडी मेडिसिन,डॉ दीक्षा बिसेन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव प्रजापति शिशु रोग विशेषज्ञ ,डॉ प्रमेय देशपांडे त्वचा रोग विशेषज्ञ ,डॉ उमेश पाठक मनोरोग विशेषज्ञ,डॉ मानसी सरवटे नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ अमित रमेश राव नाक कान गला विशेषज्ञ. डॉ अरविंद उईके दंत रोग विशेषज्ञ सहित सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ ए लाकरा, डॉ जी लाकरा, डॉ गेडाम,डॉ अंकुर उपाध्याय, डॉ धरावे,डॉ अतरौलिया के द्वारा की गई इस अवसर पर उपस्थित मरीजों को उचित उपचार के साथ ही गंभीर बीमारियों से बचने के लिए उपाय बताए गए।साथ ही भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की गयी।


मानेगांव हनुमान मंदिर में विराजित मां भवानी

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में जनपद कार्यालय में श्रमदान

**सिवनी** / स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत जिलेभर में लगातार स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत आज जनपद कार्यालय परिसर में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कार्यालयीन समय में ही श्रमदान कर साफ-सफाई की। अभियान के दौरान सभी अधिकारी- कर्मचारी अपने कार्यस्थल से निकलकर सामूहिक रूप से सफाई कार्य में जुट गए। कार्यालय के विभिन्न कक्षों, परिसर एवं आसपास की जगहों की झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की गई तथा कचरा निपटान कर स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया गया। सभी ने मिलकर यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

## ग्राम पंचायत फुलारा में शिविर आयोजित कर महिलाओं को दी गई उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लारोकर के मार्गदर्शन में संकल्प हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान अंतर्गत पंजीकृत महिला हितग्राही को भारत सरकार की अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए जिले की समस्त परियोजनाओ मे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री ईशा बाल्मिक के मार्गदर्शन में दिनांक 26/09/2025 को ग्राम पंचायत फुलारा जिला सिवनी में हितग्राही महिलाओं को सेंटर एडमिन श्रीमती नारायणी सक्सेना के द्वारा वन स्टाफ सेंटर में प्रदान की जाने वाली सेवाएं, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, महिला संबंधित अधिनियम वन स्टाफ सेंटर के द्वारा कराए जाने वाले निशुल्क प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई ।अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई एवं महिलाओं को पंजीकृत किया गया इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर से कार्यालय प्रशासक सुश्री ईशा बाल्मिक, सेंटर एडमिन श्रीमती नारायणी सक्सेना, महिला पर्यवेक्षक श्रीमती रचना ठाकुर, बैंक मित्र श्री पी. के.डोंगरे,ग्राम सह सचिव,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।।

# सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक खिलाड़ियों की प्रतिभागियां हेतु अध्यक्ष जनपद पंचायत बरघाट की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरघाट।

सांसद खेल महोत्सव - 2025 के आयोजन के संबंध में लोकसभा क्षेत्र बालाघाट-सिवनी के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बरघाट के विकासखंड बरघाट में खिलाड़ियों की अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागिता कराये जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 26.09.2025 को मान. श्रीमती आभा जितेन्द्र राहंगडाले, अध्यक्ष जनपद पंचायत बरघाट की अध्यक्षता में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, बरघाट में दोपहर 12:00 बजे से बैठक आयोजिजत की गई । उक्त आयोजित बैठक में खिलाड़ियों की अधिक से अधिक प्रतिभागिता कराये जाने हेतु बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय महाविद्यालय, क्षेत्रीय उच्च.मा.विद्यालय, आई.टी.आई. के समस्त प्राचार्यों को श्री संदीप श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग बरघाट के द्वारा खिलाड़ियों के सांसद खेल में प्रतिभागिता के लिये आवश्यक रुप से ऑन लाईन पंजीयन कराये जाने के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई एवं अधिक से अधिक आन लाईन पंजीयन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार मान. श्रीमती आभा जितेन्द्र राहंगडाले, अध्यक्ष जनपद पंचायत बरघाट, मान. श्री हेमंत राहंगडाले मंडल अध्यक्ष बरघाट, मान. श्री विवेक बिसेन सांसद महोदय की ओर से विधानसभा बरघाट के प्रभारी ने भी सभी उपस्थित प्राचार्य एवं खेल शिक्षक/प्रभारी को अधिक से अधिक आन लाईन पंजीयन कराये जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित कराया। श्रीमती मनु धुर्वे, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सिवनी के द्वारा सांसद खेल महोत्सव के संबंध में विस्तृत रुप से जानकारी प्रदाय करते हुये बताया कि कबड्डी में विधानसभा स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित होगी जबकि शेष अन्य 9 खेल हॉकी, वालीबॉल, फुटबॉल, रस्साकसी, शतरंज, कराते, एथलेटिक्स, कुश्ती, एवं बैडमिंटन में विधानसभा स्तर पर खिलाड़ियों का केवल चयन ट्रायल आयोजित कराया जावेगा। आवश्यकतानुसार क्लस्टर बनाकर भी प्रतियोगिता आयोजन अथवा चयन ट्रायल कराया जा सकता है। विकासखंड बरघाट में कुश्ती तथा फुटबॉल स्टेडियम सिवनी में लोकसभा स्तीय प्रतियोगिता होना प्रस्तावित है। पूर्व में आन लाईन पंजीयन की तिथि 20 सिंतबर निर्धारित थी , जिसे बढ़ाकर 02 अक्टूबर कर दिया गया है। बैठक के दौरान उपस्थित प्राचार्य एवं खेल शिक्षकों ने अपने सुझावब रखें । जिन्हें सांसद महोदया तक प्रेषित किये जाने का आश्वासन जिला खेल अधिकारी महोदया द्वारा दिया गया। बैठक में उपस्थित मान. श्री जितेन्द्र राहंगडाले, प्रतिनिधि अध्यक्ष जनपद पंचायत बरघाट ने भी पंचायत स्तर से खिलाड़ियों आन लाईन पंजीयन कराये जाने में आवश्यक सहयोग प्रदाय करने हेतु भरोसा दिलाया तथा अधिक से अधिक खिलाड़ियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की। मान. श्री विवेक बिसेन ने भी खिलाड़ियों के आयु सीमा 15 से 35 वर्ष निर्धारित है, इस हेतु प्रतिभागी की जन्मतिथि 01.01.1991 से 31.12.2010 के मध्य होना चाहिये, ऐसी जानकारी प्रदाय की। मान. श्री हेंमत राहंगडाले जी ने भी प्रत्येक पंचायत स्तर पर आन लाईन पंजीयन हेतु स्केनर/वेबसाईट लिंक पोस्टर/फ्लेक्स के रुप में लगाया जाना प्रस्तावित किया, जिससे प्रत्येक पंचायत स्तर का युवा स्वयं अपना आन लाईन पंजीयन कर सकें। आयोजिम बैठक में क्षेत्रीय शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, खेल शिक्षक/खेल प्रभारी, रुचि राहींगडाले, ग्रामीण युवा समन्वयक विकासखंड बरघाट आदि उपस्थित रहें। बैठक के अंत में श्री संदीप श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी सभी को धन्यवाद् ज्ञापित किया।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण संबंधी बैठक सोमवार को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र.भोपाल के आदेशानुसार जिले के विधानसभा क्षेत्र में फोटो निर्वाचक नामावली 2025 के अंतिम प्रकाशन के विवरणों को गहन पुनरीक्षण 2003 के मतदाताओं की सूची में अंकित विवरणों से मिलान कर मतदाताओं की संख्या ज्ञात किये जाने के निर्देश दिये गए हैं। उक्त संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को अवगत कराये जाने के संबंध में बैठक दिनांक 29 सितम्बर 2025 को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शाम 04 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में उपस्थित होने के लिए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की गई है।

### जिले में 1284.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**सिवनी**/ भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 26 सितम्बर 25 तक 1284.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 26 सितम्बर 25 तक विकासखंड सिवनी में 1118.4 मि.मी, कुरई में 978.7 मि.मी., बरघाट में 1169.5 मि.मी., केवलारी में 16110.8 मि.मी., छपारा 1133.5 मि.मी, लखनादौन में 1202.0 मिमी, धनौरा में 1211.9 मिमी एवं घंसौर में 1849.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 10273.8 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं स्वदेशी जागरण सप्ताह पर CMCLDP कोर्स का शुभारंभ

**केवलारी।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय केवलारी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती एवं स्वदेशी जागरण सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (**CMCLDP - BSW** एवं **MSW** कोर्स) का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट सतना (म.प्र.) एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से संचालित है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस.एन. डहेरिया ने की, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में श्री अनूप बघेल (मण्डल अध्यक्ष भाजपा केवलारी) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ. संजय मिश्रा (राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी), डॉ. राजेश ठाकुर, डॉ. डी.एल. मानेश्वर (स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ प्रभारी), भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष श्री सचिन अवधिया, श्रीमती शाबरा खान (नव चेतना समिति प्रमुख) एवं श्रीमती मोमलता गजेंद्र (महिला संघर्ष समिति प्रमुख) मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संयोजन श्री अशोक बेंद्रे (जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक) द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। सरस्वती वंदना एवं अतिथि स्वागत के पश्चात कार्यक्रम संयोजक श्री अशोक बेंद्रे ने **CMCLDP** कोर्स की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कार्यक्रम केवल शैक्षणिक ही नहीं बल्कि सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक नेतृत्व क्षमता का विकास तभी संभव है जब युवा समाज की समस्याओं को समझें और समाधान के लिए आगे आएं।



इसके बाद विशिष्ट अतिथियों ने अपने विचार रखे –डॉ. राजेश ठाकुर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार ₹अंत्योदय₹ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी नहीं पहुँचती, तब तक सच्चे अर्थों में प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने अध्ययन के साथ समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी निभाएँ।

डॉ. संजय मिश्रा ने स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर विस्तृत विचार रखते हुए कहा कि आज के दौर में हमें अपने जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर न केवल आत्मनिर्भर बनना है बल्कि राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देनी है। उन्होंने छात्रों को आह्वान किया कि स्वदेशी अपनाना सिर्फ नारा नहीं बल्कि जीवनशैली बने। डॉ. डी.एल. मानेश्वर ने युवाओं के करियर निर्माण पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि कैरियर सिर्फ नौकरी पाना नहीं है, बल्कि अपने कौशल और नेतृत्व क्षमता को समाजहित में प्रयोग करना ही सच्चा कैरियर है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य स्पष्ट करने और मेहनत व अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। श्री सचिन अवधिया ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को युगपुरुष बताते हुए कहा कि उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज सेवा करते हुए भी आत्मनिर्भरता और स्वदेशी विचारधारा को कैसे अपनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा परिवर्तनकारी नेतृत्व की दिशा में कार्य करें और सेवा भाव से समाज में उदाहरण प्रस्तुत करें। मुख्य अतिथि श्री अनूप बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता सिर्फ अभियान नहीं बल्कि जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी तभी राष्ट्र सशक्त बन सकेगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. एस.एन. डहेरिया ने कहा कि **CMCLDP** कोर्स छात्रों में नेतृत्व क्षमता का निर्माण करेगा। जब छात्र समाज के बीच जाकर लोगों की समस्याओं को समझेंगे और समाधान खोजेंगे, तब न केवल उनका व्यक्तित्व निखरेगा बल्कि परिवार और समाज दोनों में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजन को नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई। इसके बाद "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण, परिसर में स्वच्छता अभियान तथा जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री बालकराम डहेरिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्री रामकृष्ण डहेरिया ने किया। कार्यक्रम की सफलता में **CMCLDP-BSW/MSW** कोर्स के मेंटर्स – श्री राधेश्याम बंदेवार, श्री बालकराम डहेरिया, श्री रामकृष्ण डहेरिया, श्री मोतीराम हरदुआ एवं सुश्री कलावती ठाकुर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## कांग्रेसी बोली संयमित भाषा का भाजपा करें उपयोग, मुख्यमंत्री के कांग्रेस को नालायक कहने पर भी जताई नाराजगी

# मंत्री ने भाई-बहन के रिश्ते को किया अपमानित, कांग्रेस ने फूंका मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मंत्री कैलाश विजवर्गीय के दिए गए उस बयान पर कांग्रेस ने आक्रोश जताया है, जिसमें उन्होंने, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के, बहन प्रियंका के गाल चुमने पर संस्कृति को लेकर सवाल खड़े किए थे। जिसके बाद कांग्रेस ने, इसे भाजपा का चाल और चरित्र बताते हुए बयान की निंदा की और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुतले का दहन किया। कांग्रेस ने विगत दिनों कटंगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कांग्रेस को नालायक कहने पर भी नाराजगी जाहिर की।

कांग्रेस कार्यालय से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला लेकर, कांग्रेसियों ने हनुमान चौक तक पैदल मार्च किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा और मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस ने हनुमान चौक में शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष, पेट्रोल डालकर मंत्री विजयवर्गीय का पुतला फूंका।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने बताया कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के भाई-बहन के रिश्ते पर जो टिप्पणी की है, उससे भाजपा का महिलाओं को लेकर चाल और चरित्र उजागर हो गया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की बात कहने वाली भाजपा के मंत्री, भाई-बहन के रिश्ते को अपमानित करने वाला बयान दे रहे है। जिसका कांग्रेस पुरजोर विरोध करते हुए निंदा करती है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान के खिलाफ आज कांग्रेस ने उनका पुतला दहन किया है। सत्ता के मदमस्त हाथी के रूप में भाजपा के नेता मर्यादाओं को तार-तार करने वाले बयान दे रहे है। भाजपा नेता मर्यादा में रहकर बयान दे और ऐसे बयान दे कि कभी विपरित परिस्थिति में वह खड़े भी रह सके। शहर कांग्रेस अध्यक्ष पंजवानी ने कटंगी में मुख्यमंत्री के कांग्रेस को नालायक बोलने पर भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कांग्रेस ने ही देश को आजाद कराया, तब कहीं जाकर, आज उन्हें मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला है। अन्यथा वह मुख्यमंत्री भी नहीं होते।



प्रदेश सचिव अनूप सिंह बैंस कहा भाई बहन के पवित्र रिश्ते को कैलाश विजयवर्गी ने कलंकित किया है संस्कृतिवान भारत देश का सर नीचा हो गया हमारा मानना है कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को खुली छूट देकर रखा है घणित और गंदा वक्त देकर यह अपने नंबर बढ़ा सके कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं।

पूर्व शहर अध्यक्ष रहीम खान जी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी अमर्यादित पार्टी है जिसका उदाहरण कैलाश विजयवर्गीय के वक्तव्य से मिला है इस तरीके का बयान उनके सत्ता में रहने के चलते मदमस्त होने का सबूत है कैलाश विजयवर्गीय का विरोध बालाघाट में उनके आगमन पर किया जाएगा उक्त कार्यक्रम में अनूप सिंह बेस, भीम फुलसुन्गे,रहीम खान, अल्लाह रखा,जसराज पारधी, जावेद अली, शमीम सिद्दीकी, आशुतोष डहरवाल,केवल सिंह झरिया, डॉ अमर बेसिन, जय कृष्णा डींगरू, मयूर मोटवानी,निखिल गौतम, बाबूलाल राणा, शाहबाज अहमद,नरेंद्र मेश्राम, शिवम शर्मा, साबिर मंसूरी, पंकज बुद्ध, धर्मेंद्र बोपचे, छविराम नागेश्वर, नितिन शिवहरे, पप्पू मदनकर, राकेश रामटेक सहित कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## 'मैं हूं अभिमन्यु' अभियान के तहत मलाजखंड थाना के स्टाफ ने छात्रों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विशेष जागरूकता अभियान "अभिमन्यु-3" का संचालन के तहत विशेष पुलिस मुख्यालय भोपाल के महानिदेशक के मंशानुसार महिला सुरक्षा एवं जिले के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर के मंशानुसार विशेष जागरूकता अभियान मैं हूं अभिमन्यू-3 की शुरूआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता की भावना विकसित करना तथा उन्हें अपराधों से सुरक्षित वातावरण प्रदान करना हैं। आधुनिक तकनीको से फैल रही अश्लीलता से दूर रहकर शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने जैसे विषयों पर जागरूक किया जा रहा हैं। इस अभियान का मकसद महिलाओं के प्रति अपराधों को रोकना हैं एवं मैं हूं अभिमन्यू-3 का उद्देश्य समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर नियंत्रण करना हैं। अपराधों, घरेलू हिंसा की रोकथाम, एवं महिलाओं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण हेतु विशेष जागरूकता अभियान अभिमन्यू-3 के तहत 26 सितंबर को सीएम राईज स्कूल मलाजखंड में छात्राओं को थाना स्टाफ मलाजखंड थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह यादव एवं सहायक उपनिरीक्षक सुलेखा मरकाम, आर 1173 जय कुमार धाकड़, आर 1520 अनिल यादव के द्वारा "अभिमन्यु-3" का जागरूकता अभियान चलाया गया।

## जिला स्तरीय बास्केटबाल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज हट्टा।



मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 26 सितम्बर को जिला स्तरीय बास्केटबाल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय हटटा जिला बालाघाट के तत्वाधान में नगर पालिका मैदान बालाघाट में आयोजित की गई जिसमें बालाघाट जिले के विभिन्न महाविद्यालय में भाग लिया और प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर बालकों का चयन संभाग स्तरीय पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता छिंदवाड़ा मैं दिनांक 16 से 18 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। आज प्रतियोगिता का सफल आयोजन संस्था के प्राचार्य मुकेश बिसेन के मार्ग निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए बालाघाट जिले के वरिष्ठ बास्केटबॉल खिलाड़ियों का मार्गदर्शन खिलाड़ियों को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में नरेंद्र सिंह परिहार, सुधीर चौधरी, नरेश दुवारे, सचिन भोज, हैप्पी जैन, अभिषेक पांडे, हनीफ खान के साथ-साथ कीड़ा अधिकारी डॉ. विनोद ठाकुर डॉ. ऋषिकेश पटेल डॉ.विकास साहू डॉ. मनोज खारोले भूपेंद्र कुमार भूपेंद्र कुमार हटा महाविद्यालय से अक्षय मंडरहा एवं विशाल दमाहे उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं अतिथियों की उपस्थिति के लिए संस्था के क्रीडा

## मिरगपुर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का हुआ समापन

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** क्षेत्र के ग्राम मिरगपुर में नवरात्रि के पावन अवसर पर मातारानी के दरबार में बाल गोपाल दुर्गा उत्सव समिति कालोनी चौक के तत्वावधान में 25 सितम्बर गुरुवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस दौरान अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में अपने अपने अंचल के प्रादेशिक प्रख्यात कवियो के द्वारा भाग लेकर अपनी अपनी साहित्यिक रचना प्रस्तुत की। कवि शैलेश इनायत मिरगपुर, भैयालाल नागवंशी जांजगीर छत्तीसगढ़ से, भुवन सिंह धांसू छिंदवाड़ा से, तड़प सावनेरी, सावनेर , संजय अश्क,पुलपुट्टा ,साहिल कुमार नागपुर , राहुल शामकुंवर रामटेक सहित अन्य



कवियो के द्वारा शानदार काव्य पाठ किया गया। कवियो की साहित्यिक रचना , कविता, हास्य व्यंग तथा काव्य गीत सुनकर त्रोतागण आनंदित हो उठे। साथ ही काव्य पाठ की सहारना की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य केशर बाई बिसेन, ग्राम सरपंच दिपक देशमुख , जयेश देशमुख सहित श्रोतागण एंव समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## करीब आधे घंटे तक सड़क पर गिरा रहा शख्स तमाशबीन बनी रही जनता

# बाइक पर बैठते ही प्रौढ़ को आया साइलेंट अटैक

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी-वारासिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर बस स्टेण्ड के नजदीक एमपी 50 चाय हाउस के सामने एक बाइक में लिफ्ट लेकर बैठते ही एक शख्स सीधे नीचे जमीन पर आकर गिर गया. जिसके बाद करीब आधे घंटे तक वह सड़क पर ही गिरा रहा और घटनास्थल पर मौजूद जनता तमाशबीन बनी रही. हालांकि इस भीड़ में शामिल एक जागरूक युवक ने प्रौढ़ को सीपीआर दिया और संजीवनी 108 को कॉल भी किया. संजीवनी 108 के कॉल सेंटर से संपर्क होने के बाद भी वाहन घटनास्थल पर नहीं आया. जिसके बाद एक ऑटो के जरिए प्रौढ़ को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया. यहां चिकित्सक ने प्रौढ़ को मृत घोषित कर दिया. मिली जानकारी अनुसार उमरी निवासी भरत लाल पिता बलीराम मड़ावी शुक्रवार की शाम करीब 05 बजे अपने घर से कटंगी साप्ताहिक हाट-बाजार में सब्जी लेने के लिए आए हुए थे और सब्जी खरीदकर पैदल अपने घर की तरफ वापस जा रहा था. एमपी 50 चाय हाउस के सामने उन्हें गांव का ही एक व्यक्ति बाइक पर घर की



तरफ जाते हुए दिखाई दिया. जिससे भरत लाल ने लिफ्ट मांगी और जैसे ही वह बाइक में बैठे अचानक से सड़क पर गिर गए और सड़क पर ही करीब आधे घंटे तक गिरे रहे. एक जागरूक युवक ने उन्हें सीपीआर दिया लेकिन प्रौढ़ की मौत हो गई. साइलेंट अटैक आने से मौत होने का अनुमान लगाया जा रहा है. घटना के बाद मृतक की पत्नी और बहु को सूचना दी गई है. मृतक का पुत्र नागपुर रोजी-रोटी कमाने के लिए गया हुआ है. शनिवार को मृतक का पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

## आंधी-तूफान से सड़क पर गिरा वृक्ष, आवागमन अवरूद्ध

हरिभूमि न्यूज कटंगी। शुक्रवार की दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े 04 बजे तक कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान के साथ करीब 01 घंटे की झमाझम बारिश हुई. आंधी-तूफान की वजह से तिरोड़ी तहसील के ग्राम बोनकट्टा से आंजनबिहरी मुख्य सड़क मार्ग पर पुराने शक्कर कारखाने के पास किन्ही प्रजाति का एक विशाल वृक्ष सड़क पर आकर गिर गया. गनीमत की बात यह रही कि इस दौरान कोई भी राहगीर सड़क से नहीं गुजर रहा था वरना जनहानि हो सकती थी. सड़क पर वृक्ष के गिरने से करीब दर्जन भर गांवों के ग्रामीणों का आवागमन बंद पूरी तरह से बंद हो गया और दोनों ही तरफ से आना-जाना कर रहे वाहनों का आवागमन अवरुद्ध हो गया है, जिससे वाहनों की काफी लंबी कतार लग गई. स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क से वृक्ष को हटाने का कार्य शुरू किया और शाम करीब साढे 06 बजे वृक्ष को सड़क से हटाया गया. जिसके बाद आवागमन बहाल हुआ. वृक्ष के गिरने से बिजली के तार भी टूटे जिस कारण पठार अंचल के कई गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी।

## खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के सुचारू क्रियान्वयन के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम

**बालाघाट।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के सुचारू रूप से कार्य संपादन के लिए कार्यालय कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 224 में जिले में धान उपार्जन एवं पंजीयन में किसानों को आने वाली समस्याओं/ कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के कार्य का सुचारू रूप से संपादन करने के लिए तथा कार्यालय तकनीकी समस्याओं के निराकरण एवं समाधान के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय की (खाद्य-शाखा) के कक्ष क्रमांक-224 में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इसके साथ ही कन्ट्रोल रूम में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगायी गई है। जिनमे कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री पहल सिंह वलाडी (9340437137), कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी (टेक्निकल) श्री सुनील किरार (8461097747), कंप्यूटर ऑपरेटर (उपार्जन) श्री शिव कुमार राउत (9300370356) एवं कंप्यूटर ऑपरेटर रोशनी पटले (7582955069) को नियुक्त किया गया है। ये अधिकारी कर्मचारी कार्यालयीन समय मे कंट्रोल रूम में निगरानी रखेंगे।

### कलेक्टर ने विभागीय कार्य योजना की समीक्षा बैठक में दिए दिशा निर्देश

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा 26 सितम्बर को जिले के विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभागवार अधिकारियों से चर्चा कर योजनाओं की प्रगति एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री शिरिष प्यासी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप से रोग प्रतिरोधक क्षमता, आईआर, एमएमआर, एमसीबी, लाइव बर्थ, लाइव डेथ जैसी विभिन्न रिपोर्ट की जानकारी ली और निर्देशित किया कि प्रत्येक रिपोर्ट्स की सूक्ष्मता से जाँच कर स्लाइड तैयार करें। चूंकि रिपोर्ट्स में सुधार होने से मृत्यु दर के आंकड़ों का विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय को निर्देशित किया गया कि जिले में नरवाई की घटना का अवलोकन सुनिश्चित कर ले।

### कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तुषार सिंह को दिया गया विकासखण्ड कटंगी का कार्यभार

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के अनुमोदन पर जिला आपूर्ति अधिकारी श्री रविकांत ठाकुर द्वारा कटंगी विकासखण्ड के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी का कार्यभार श्री तुषार सिंह को सौंपा गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री ठाकुर ने बताया कि पूर्व में विकासखण्ड कटंगी में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के पद पर श्रीमती निहारिका अवस्थी को पदस्थ किया गया था। किंतु श्रीमती निहारिका अवस्थी के संतान पालन अवकाश में होने के कारण कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कटंगी का प्रभार श्री पहल सिंह वलाड़ी को सौंपा गया था। श्री ठाकुर ने बताया कि श्री वलाड़ी के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के प्रभार से भारमुक्त होने के फलस्वरूप अब कटंगी के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी का कार्यभार श्री तुषार सिंह को सौंपा गया है। अब आगामी आदेश तक श्री तुषार सिंह कटंगी विकासखण्ड के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में 3 दिवसीय संभाग स्तरीय योगासन प्रतियोगिता संपन्न

**वारासिवनी।** सांदीपनि विद्यालय सीएम राइज शासकीय टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में शालेय संभागीय स्तरीय योग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 06 जिलों बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, कटनी और जबलपुर के 151 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें 67 बालक और 84 बालिकाएं थीं। इस 03 दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग जैसे 14, 17 एवं 19 वर्ष बालक/बालिकाओं एवं योग ओलंपियाड 14, 16 वर्ष के बालक और बालिकाओं ने योगासन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने अपने कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उपस्थित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और चैंपियनशिप जिले को मेडल सहप्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## छात्र जीवन में चिंता, तनाव, उत्तेजना एवं आत्महत्या से रोकथाम के विषय में दी जानकारी



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के प्रांगण में ''उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस योजना'' अंतर्गत क्रीड़ा व शारीरिक शिक्षा विभाग के सहयोग से एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन 24 सितम्बर को ''छात्र जीवन में चिंता, तनाव, उत्तेजना एवं आत्महत्या से रोकथाम के उपाय के विषय पर किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम डॉ अनिरुद्ध सिंह काकोरिया के द्वारा ''उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस'' कैलेंडर के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम के संबंध में संक्षिप्त रूपरेखा एवं कार्य योजना से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत आभा डिजिटल हेल्थ कार्ड, पियर सपोर्ट ग्रुप लीडर, मानसिक स्वास्थ्य क्लब, महाविद्यालय में काउंसलर की व्यवस्था व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर निर्धारित कार्य योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एस गेड़ाम द्वारा चिंता, तनाव, उत्तेजना के मायने को समझाते हुए छात्र जीवन में इसके रोकथाम के संबंध में समझाया गया। मानसिक स्वास्थ्य को व्यक्तित्व का एक अहम हिस्सा बताते हुए उन्होंने समझाया कि मानसिक स्वास्थ्य की प्राप्ति में शारीरिक विकास का अहम योगदान है और शारीरिक विकास की प्राप्ति शारीरिक क्रिया द्वारा हो सकती हैं। एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता हैं, इसलिये मानसिक स्वास्थ्य की प्राप्ति हेतु शारीरिक विकास को सुदृढ़ करना आवश्यक हैं।

## वन विभाग ने लगाए विविध प्रजाति के फलदार पौधे, पर्यावरण संरक्षण को दिया बढावा

# खैरलांजी वन विभाग के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।

वन परिक्षेत्र खैरलांजी सामान्यं अन्तर्गत 'सेवा पर्व पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 26 सितंबर शुक्रवार को सेवा सहकारी समिति भेंडारा, मोक्षधाम ग्राम पंचायत लावनी ,उच्चतर माध्यमिक शाला बेनी, उपस्वास्थ्य केन्द्र बेनी एंव आंगनवाडी भवन ग्राम पंचायत सतोना सहित शासकीय माध्यमिक स्कूल हेटीटोला येरवाघाट में वन विभाग खैरलांजी के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर विविध प्रजाति के करीब 850 पौधे लगाए गए। जिसमें आम,आवला, करंजी, अमरूद बेहडा सहित अन्य



प्रजाति के फलदार एव छायादार पौधे सम्मिलित है। तथा लगाए गए पौधो की देखभाल व सुरक्षित रखने के लिए संकल्पित हुए। इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती मधु ऋषि शुक्ला जिला पंचायत सदस्य, श्री डी. सी. वासनिक परिक्षेत्र अधिकारी खैरलांजी सामान्य , चुन्नीलाल भुजाडे सरपंच ग्राम पंचायत लावनी, संतोष लिल्हारे सचिव ग्राम पंचायत लावनी, प्रफुल्ल नगपुरे सरपंच ग्राम पंचायत भेंडारा, भुषण पांडे सचिव ग्राम पंचायत भेंडारा, जतन खरे सरपंच ग्राम पंचायत बेनी, मुकेश लिमजे जनपद सदस्य, के.के. खाण्डेकर प्रभारी प्राचार्य उच्च.माध्य.शाला बेनी, धनेश लिल्हारे सचिव ग्राम पंचायत बेनी, श्री जितु सिंह पन्द्रें, प्रभारी उप स्वास्थ्य केन्द्र बेनी, श्री भिवराम मात्रे मंडल अध्यक्ष, श्रीमति सम्पती मात्रे आगनवांडी कार्यकर्ता, श्रीमति प्रमिला मात्रे आगनवांडी कार्यकर्ता, दिनेश नागदेवे जनपद सदस्य एवं स्कू स्कूल प्रबंधन सहित वन विभाग का अमला मौजूद रहा।

## शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में हरित संस्कृति उत्सव में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

स्व दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अंतर्गत "हरित संस्कृति उत्सव" का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय राजकुमार कर्राहे (विधायक, लांजी–किरनापुर, जिला-बालाघाट), कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री राणा कल्याण सिंह (अध्यक्ष जनपद पंचायत, किरनापुर) सहित समस्त अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ



सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री रामकुमार राणा, जनपद पंचायत के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं और प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण का महत्व रेखांकित किया। "बूझो तो जाने" पर्यावरण क्विज़, हरियाली रिले रेस प्रतियोगिता, ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हरित सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं नाटक ने दर्शकों को न केवल आनंदित किया बल्कि प्रकृति संरक्षण का संदेश भी दिया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि – "आज प्रकृति के संरक्षण की जिम्मेदारी सबसे बड़ी जरूरत है। यदि हम पर्यावरण को बचाएंगे, तभी आने वाली पीढ़ियाँ सुरक्षित रहेंगी। प्रकृति की रक्षा ही मानवता की रक्षा है।"

अंत में प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण, बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।